6338(E)
7/9/18

पथ निर्माण विभाग

दिनांक–07/09/18को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही ।

पथ प्रमंडल, बक्सर के अन्तर्गत चौसा–चुन्नी–पवनी–कमरपुर पथ के कि0मी0 0.00 से 4.365 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2012–13 के समयवृद्धि पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :

(i) श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(ii) श्री लक्ष्मी नारायण दास, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(iii) श्री रजनीश कुमार, उप सचिव–सह–आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना ।

(iv) श्री सुधीर कुमार दास, मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना।

2. मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक–1250(अनु0) दिनांक 08.05.2018 के द्वारा विषयांकित कार्य के समयवृद्धि स्वीकृति हेतु प्राप्त तकनीकी मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं विहित प्रपत्र में अंकित सूचनाओं के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

2.1	कार्य का नाम	:	पथ प्रमंडल, बक्सर के अन्तर्गत चौसा–चुन्नी–पवनी–कमरपुर पथ के कि0मी0 0.00 से 4.365 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2012–13
2.2	एकरारनामा संख्या	:	19/SBD/2012-13
2.3	एकरारनामा की राशि	:	₹5,00,76,631.00
2.4	संवेदक का नाम	:	Tribhuwan Naraina Singh
2.5	एकरारनामा के अनुसार कार्यारम्भ की तिथि :–	:	29.01.2013
2.6	एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि :–	:	28.08.2013
2.7	मूल कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि	:	30.04.2014
2.8	मूल कार्य हेतु मांगी गयी समयवृद्धि की		30.04.2014

3. **समयवृद्धि का कारणः–**

(i) कार्यपालक अभियंता द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि स्थानीय आम जनता द्वारा पानी की निकासी नहीं होने तथा PHED का पाईप लाईन पथ के नीचे होने एवं कब्रगाह के बगल से होने के कारण कार्य को अवरूद्ध कर दिया जाता था।

(ii) वर्षा ऋतु प्रारम्भ होते ही बाढ़ का पानी सड़क के किनारे भर जाने के कारण मेटिरियल कार्य स्थल पर पहुँचने में कठिनाई होती थी।

7.IX.18

(iii) मौजूदा मार्ग पर (Existing Surface) पर Undulation को ठीक करने के लिए विभाग द्वारा विलम्ब से निरीक्षण के उपरान्त दिनांक 15.06.2013 (लगभग छः माह बाद) को दिये गये आदेश के कारण कार्य बाधित रहा

(iv) ठंड के कारण SDBC कार्य कराने में कठिनाईयों के कारण कार्य बाधित रहा।

4. **तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का अनुशंसाः–**

सम्यक विचारोपरान्त सर्वसम्मति से विषयांकित कार्य में दिनांक 30.04.2014 तक समयवृद्धि स्वीकृत करने हेतु अनुशंसा की जाती है। चूँकि कार्य पूर्ण होने में विलंब के लिए संवेदक दोषी प्रतीत नहीं होते हैं, इसलिए विस्तारित अवधि में संवेदक को एकरारनामा के तहत् अनुमान्य लाभ दिये जाने का अनुशंसा की जाती है।

5. विभागीय पत्रांक–4213(ई0) दिनांक 19.06.2018 द्वारा मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग को विषयांकित कार्य से संबंधित समयवृद्धि हेतु तकनीकी मूल्यांकन समिति की अनुशसा में वर्ष 2014 से अबतक हुये विलम्ब के कारण एवं कार्य की वर्त्तमान स्थिति की सूचना उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया, जिसके अनुपालन में मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग के पत्रांक–2358(अनु0) दिनांक 16.08.2018 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर के पत्रांक–834 दिनांक 24.07.2018 द्वारा निम्नवत् समर्पित प्रतिवेदित उपलब्ध करायी गयी है :–

(1) संवेदक के आवेदन पत्र सं0–शून्य दिनांक 14.08.2014 द्वारा विषयांकित कार्य हेतु दिनांक 30.04.2014 तक के लिए समयवृद्धि की स्वीकृति हेतु अनुरोध किया गया था। सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, चौसा के पत्रांक–75(अनु0) दिनांक 21.08.2014 द्वारा वास्तविक कारण को अंकित करते हुए प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया गया था तदनुसार, सभी आवश्यक कागजातों को संलग्न करते हुए एवं विहित प्रपत्र पर अनुशंसा के साथ प्रस्ताव इस कार्यालय के पत्रांक–1114(अनु0) दिनांक 30.08.2014 द्वारा अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा को समर्पित की गई थी। तदोपरान्त अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा के पत्रांक–772(अनु0) दिनांक 02.09.2014 द्वारा प्रस्ताव मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को समर्पित किया गया था।

(2) अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा के पत्रांक–170 दिनांक 19.02.2015, जो इस कार्यालय को सम्बोधित है, द्वारा विषयांकित कार्य में समयवृद्धि की स्वीकृति हेतु अंकित कारणों से संबंधित साक्ष्य की प्रति उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। तदनुसार, इस कार्यालय के पत्रांक–320(अनु0) दिनांक 24.02.2015 द्वारा सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, चौसा से साक्ष्य के साथ प्रतिवेदन की माँग की गई। सहायक अभियंता, चौसा के पत्रांक–42(अनु0) दिनांक 06.06.2015 द्वारा मात्र प्रस्ताव इस कार्यालय में समर्पित किया गया था, जिसे इस कार्यालय के पत्रांक–945(अनु0)

दिनांक 24.06.2015 द्वारा संलग्न करते हुए अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा को समर्पित किया गया। इस क्रम में पुनः सहायक अभियंता, चौसा के पत्रांक–66(अनु0) दिनांक 26.08.2015 द्वारा विलम्ब के कारण से संबंधित साक्ष्य इस कार्यालय में समर्पित किया गया था, जिसे इस कार्यालय के पत्रांक–1365(अनु0) दिनांक 15.09.2015 द्वारा सभी साक्ष्यों की प्रति संलग्न करते हुए अनुशंसा के साथ समयवृद्धि के स्वीकृति हेतु अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा को समर्पित किया गया। तदोपरान्त अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा के पत्रांक–992(अनु0) दिनांक 09.10.2015 द्वारा अनुशंसा के साथ प्रस्ताव मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, पटना को समर्पित किया गया था।

(3) इस बीच विभागीय पत्रांक–1503(ई0) दिनांक 27.02.2016 द्वारा विषयांकित कार्य के एकरारनामा के अनुसार निर्धारित कार्य अवधि दिनांक 29.01.2013 से 28.08.2013 के बीच उत्पन्न व्यवधान के संबंध में साक्ष्य सहित प्रतिवेदन की माँग की गई थी। जिसके आलोक में इस कार्यालय के पत्रांक–1556(अनु0) दिनांक 04.10.2016 द्वारा विभाग को अवगत करायी गई थी।

(4) इसके अतिरिक्त विभागीय ज्ञापांक–8267(ई0)अनु0 दिनांक 23.12.2016 द्वारा विषयांकित कार्य का समयवृद्धि का प्रस्ताव साक्ष्य सहित BSRDCL का मॉडल प्रारूप के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करने हेतु निदेश दिया गया था। तद्नुसार, उक्त आदेश के आलोक में (मॉडल प्रारूप) में प्रस्ताव तैयार कर अनुशंसा के साथ समयवृद्धि की स्वीकृति हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–989(अनु0) दिनांक 05.08.2017 द्वारा अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा को समर्पित किया गया था एवं अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल के पत्रांक–821 दिनांक 15.11.2017 द्वारा अनुशंसा के साथ प्रस्ताव मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, बिहार, पटना को समर्पित किया गया था। इस क्रम में मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक–2646 दिनांक 30.11.2017 द्वारा BSRDCL के मॉडल प्रारूप में Delay Bar Chart की माँग की गई थी। जिसके अनुपालन में इस कार्यालय के पत्रांक–1481(अनु0) दिनांक 09.12.2017 द्वारा BSRDCL का मॉडल प्रारूप में Delay Bar Chart संलग्न कर मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, बिहार, पटना को समर्पित किया गया था।

(5) पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की वर्त्तमान स्थिति के संबंध में सहायक अभियंता, पथ अवर प्रमंडल, चौसा के पत्रांक–66 दिनांक 16.07.2018 द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त है। जिसके अनुसार – ''कार्य का DLP दिनांक 29.04.2017 को समाप्त हो चुका है। वर्त्तमान में किसी एजेन्सी द्वारा इसका संधारण नहीं हो रहा है। पथ की स्थिति अच्छी है। कहीं–कहीं पथ परत की उपरी भाग उखड़ना शुरू हो रहा है।''

7.1x.18

6. विभागीय निविदा समिति का निर्णय :-

6.1 मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना के पत्रांक-1250(अनु0) दिनांक 08.05.2018 द्वारा प्राप्त तकनीकी मूल्यांकन समिति की अनुशंसा तथा कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर का पत्रांक-834 दिनांक 24.07.2018 द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन एवं संवेदक द्वारा दिये गये **undertaking** के आलोक में समीक्षोपरान्त पथ प्रमंडल, बक्सर के अन्तर्गत चौसा-चुन्नी-पवनी-कमरपुर पथ के कि0मी0 0.00 से 4.365 में चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य वर्ष 2012-13(**19/SBD/2012-13**) हेतु दिनांक दिनांक 30.04.2014 तक समयवृद्धि की स्वीकृति इस शर्त्त के साथ प्रदान की जाती है कि विस्तारित अवधि में **Positive Price Neutralization** देय नहीं होगा एवं विस्तारित अवधि में **Negative Price Neutralization** की स्थिति में तदनुसार राशि की कटौती कर ली जायेगी।

7.IX.18 (सुधीर कुमार दास) मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार(या0) उपभाग पथ निर्माण विभाग, पटना	07/09/18 (रजनीश कुमार) उप सचिव -सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार पथ निर्माण विभाग, पटना ।	7/9/18 (लक्ष्मी नारायण दास) अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त सह-विशेष सचिव पथ निर्माण विभाग, पटना ।	7.9.18 (अमृत लाल मीणा) प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग, पटना

ज्ञापांक-प्र0-7/विविध (स0वृ0)-273/2014- 6338(E) पटना, दिनांक 7/9/18

प्रतिलिपि :- मुख्य अभियंता, दक्षिण बिहार (या0)उपभाग, पथ निर्माण विभाग, पटना/अधीक्षण अभियंता, भोजपुर पथ अंचल, आरा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

7/9/18
(लक्ष्मी नारायण दास)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त
-सह-विशेष सचिव